संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-287 रविवार,18 अगस्त 2024, पृष्ठ - 8+8 मूल्य 4 रूपये




## छत्तीसगढ़ सरकार 36 घंटे भी नहीं दिए और आशियाना उजाड़ दिए...पर इंकलाब होता रहेगा इंसाफ तक...अब तो बताईए मुख्यमंत्री जी...क्या छापें?

## कलम बंद...का अड़तालीसवां दिन

- » छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार क्या गैर संवेदनशील सरकार है...?
- » सरकार को कमियां ना दिखाएं तो क्या दिखाएं...?
- » क्या विष्णुदेव साय सरकार बेहतर चल रही है...सिर्फ यह बात आईएएस लॉबी को पता है...आम जनता को नहीं है जानकारी...?
- » किसी का दिव्यांग प्रमाण-पत्र फर्जी वह करता है मंत्री के घर मनमर्जी,दिव्यांग मांग रहे अधिकार क्या उन्हे दोगे न्याय प्रदेश के कर्णधार?
- » क्या फर्जी दिव्यांग और फर्जी डिग्री के आधार पर जो कर रहे नौकरी उन्हे होगी जेल...उन्हें मिल सकेगा संकल्प पत्र अनुसार दण्ड...?

### क्या प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री के लिए पूरे प्रदेश के लोगों से ऊपर उनके भतीजे हैं?

स्वास्थ्य मंत्री ने पत्रकारों को संरक्षण देने की बात कही...वहीं दूसरी तरफ भ्रष्टाचार पर जनसंपर्क अधिकारी को आगे कर समाचार-पत्र पर दबाव बनाने का कर रहे वह काम...ये कैसा संरक्षण?
कैसे पत्रकारों को मिलेगी सुरक्षा...कैसे समाचार-पत्र रह सकेंगे निष्पक्ष...
जब उन्हे सच लिखने पर मिलेगी सजा?

# क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी?

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल महामहिम श्री रेमन डेका से हस्तक्षेप की मांग...
क्या छापें आयुक्त सहसंचालक आईपीएस मयंक श्रीवास्तव साहब?
स्पष्ट कीजिए माननीय प्रधानमंत्री जी,स्पष्ट कीजिए माननीय मुख्यमंत्री जी छत्तीसगढ़ शासन,स्पष्ट कीजिए माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी छत्तीसगढ़ शासन...गृहमंत्री जी,भारत सरकार
क्या छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार को लेकर खबर प्रकाशन पर होगी समाचार पत्र पर कार्यवाही ?

## तुगलकी फरमान के विरूद्ध कलमबंद अभियान...

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के विभाग जनसंपर्क के द्वारा स्वास्थ्य मंत्री श्री श्यामबिहारी जायसवाल के विभाग से संबंधित समाचारों के प्रकाशन पर जनसंपर्क संचनालय के आयुक्त सह संचालक आईपीएस श्री मयंक श्रीवास्तव के मौखिक आदेश पर घटती-घटना के शासकीय विज्ञापन पर रोक लगाकर दबाव बनाने से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के मूलभूत हक पर कुठाराघात के विरूद्ध कलमबंद अभियान...प्रशासनिक अत्याचार झेलने के बावजूद है जारी।

**घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...**

संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

## खुला पत्र


# क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी ?


# क्या छापें स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जी...




## तुगलकी फरमान के विरूद्ध कलमबंद अभियान...

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के विभाग जनसंपर्क के द्वारा स्वास्थ्य मंत्री श्री श्यामबिहारी जायसवाल के विभाग से संबंधित समाचारों के प्रकाशन पर जनसंपर्क संचनालय के आयुक्त सह संचालक आईपीएस श्री मयंक श्रीवास्तव के मौखिक आदेश पर घटती-घटना के शासकीय विज्ञापन पर रोक लगाकर दबाव बनाने से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के मूलभूत हक पर कुठाराघात के विरूद्ध कलमबंद अभियान...?




कलम बंद...का अड़तालीसवां दिन

?

कलम बंद...का अड़तालीसवां दिन

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...


संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

## खुला पत्र

# क्या प्रकशित करें आयुक्त सहसंचालक आईपीएस मयंक श्रीवास्तव जी ?

अम्बिकापुर, 17 अगस्त 2024(घटती-घटना)। आपको जो कमियां दिखाई जा रही हैं...वह आपको पसंद नहीं आ रही हैं...आपके विभाग में कितनी कमियां हैं...यह शायद आपको दिख नहीं रहा और अखबार आपको दिखाना चाह रहा है...वह देखना नहीं चाहते ऐसे में क्या प्रकाशित करें..यह आप ही तय करें ? अखबार जो आपको कमियां दिख रहा है उस कमियों को आपको दूर करना था पर उसे कमियों को दूर करने के बजाय आप अखबार से पत्रकार से संपादक से आपको दिक्कत हो रही फिर आप यह समझिए कि आपसे जनता को कितनी दिक्कतें हो रही होंगी ?

# क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी ?




कलम बंद...का अड़तालीसवां दिन

कलम बंद...का अड़तालीसवां दिन




घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...


संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

## खुला पत्र

# देश के माननीय प्रधानमंत्री से भी सवाल...क्या भ्रष्टाचार के विरुद्ध छत्तीसगढ़ की प्रदेश सरकार के खिलाफ समाचार लिखना है अपराध ?

अम्बिकापुर,17 अगस्त 2024 (घटती-घटना)। माननीय मुख्यमंत्री से भी सवाल है...छत्तीसगढ़ में आपकी सरकार है...केंद्र में भी आपकी पार्टी की सरकार है...पर छत्तीसगढ़ में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को कमियां दिखाने से रोकने का भी प्रयास हो रहा है...यह प्रयास कहीं ना कहीं स्वस्थ लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास है...जहां पर भाजपा सरकार से लोगों को बेहतर करने की उम्मीद होती है तो वहीं पर छत्तीसगढ़ में नवनिर्वाचित मंत्री,विधायक बे-लगाम हो चुके हैं...उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है उसे जिम्मेदारी को निभाने में असमर्थ दिख रहे हैं...उनकी कमियों को बताना उन्हें रास नहीं आ रहा इसलिए वह पत्रकार,संपादक का कलम बंद करने का प्रयास कर रहे हैं अब इस पर आप ही संज्ञान ले...और बताएं की संपादक व पत्रकार कौन सी खबर प्रकाशित करें ?


# क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी ?




कलम बंद...का अड़तालीसवां दिन

?

कलम बंद...का अड़तालीसवां दिन




घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...


संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

## खुला पत्र

# भारत में सच्चे पत्रकार को राजनीतिक पार्टियों से खतरा क्यों रहता है ?


अम्बिकापुर,17 अगस्त 2024(घटती-घटना)। भारत अपने पत्रकारों को निडर होकर काम करने का स्वतंत्र तरीका प्रदान करने में बहुत पीछे है...इन दिनों...कुछ को छोड़कर...हर दूसरा पत्रकार वही खबर दे रहा है जो सरकार की प्रशंसा करती है...नए चैनल लोगों को सरकार द्वारा की गई गलती से विचलित करने के लिए विभिन्न विषयों पर अनावश्यक बहस दिखाएंगे...इसके कारण,अधिक महत्वपूर्ण मुद्दे हैं जो किसी का ध्यान नहीं जाता हैं...दूसरा कारण यह है कि पत्रकार अपने सिद्धांतों और मूल्यों को खो रहे हैं क्योंकि आज स्थिति ऐसी है कि स्थापना के खिलाफ विषयों पर बोलने या लिखने वाले पत्रकारों को धमकी देना,गाली देना और मारना कई अन्य देशों की तरह भारत में भी एक वास्तविकता बन गई है...देश और दुनिया को डरा दिया है...वहीं,पत्रकारों पर लगातार हो रहे हमलों की घटनाओं ने एक बार फिर उन्हें सुर्खियों में ला दिया है...जो पत्रकार देश और उसके आम नागरिकों के लिए लिखे वे मरे या प्रताड़ित हुए सरकारी तंत्रों के द्वारा...!

# क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी ?










घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...

संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

## खुला पत्र

# क्या भ्रष्टाचार का मामला वहीं होगा दर्ज जहां होगी भाजपा से इतर दल की सरकार ?


» भ्रष्टाचार की खबरों से दिक्कत...

» कमी दिखाओ तो दिक्कत...

» जनता की परेशानियों को दिखाओ तो दिक्कत...

अम्बिकापुर, 17 अगस्त 2024(घटती-घटना)। आखिर लोकतंत्र का चौथा स्तंभ करें तो क्या करें ? सरकारी तंत्र भ्रष्टाचार की ओर बढ़ रहे भ्रष्टाचार को उजागर करने पत्रकार दौड़ रहा पर पत्रकार की दौड़ के पीछे निर्वाचित जनप्रतिनिधि उसकी दौड़ की गति को कम करने का प्रयास कर रहे हैं,भ्रष्टाचार बढ़ता रहे पर पत्रकार ना दिखाएं क्या यही चाहता है जनप्रतिनिधि या फिर सरकारी तंत्र।


# क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी ?




?

कलम बंद...का अड़तालीसवां दिन

कलम बंद...का अड़तालीसवां दिन



# पृथ्वी शॉ का इंग्लैंड में जमकर बोल रहा है बल्ला

**» दलीप ट्रॉफी में नहीं मिली किसी टीम में जगह**



**नॉर्थेम्प्टशायर, 17 अगस्त 2024।** भारतीय टीम से इस समय कई ऐसे युवा खिलाड़ी हैं जो लंबे समय से बाहर चल रहे हैं और वापसी को लेकर लगातार कड़ी मेहनत करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसी में एक नाम दाएं हाथ के ओपनिंग बल्लेबाज पृथ्वी शॉ का भी शामिल है। कुछ दिनों पहले बीसीसीआई की तरफ से दलीप ट्रॉफी को लेकर चार टीमों का ऐलान किया गया था जिसमें कई ऐसे स्टार भारतीय खिलाड़ियों के नाम शामिल हैं जो या तो मौजूदा समय में टीम इंडिया का हिस्सा हैं या फिर वापसी की कोशिशों में लगे हुए हैं। हालांकि इसमें कुछ प्लेयर्स को जगह नहीं मिली और इसी में एक नाम पृथ्वी शॉ का भी है जो अभी इंग्लैंड में हैं और वहां पर हो रही वनडे कप टूर्नामेंट में नॉर्थेम्प्टशायर टीम की तरफ से खेल रहे हैं। पृथ्वी शॉ के प्रदर्शन को लेकर बात की जाए तो वह इंग्लैंड में हो रहे वनडे कप में नॉर्थेम्प्टशायर टीम की तरफ से खेल रहे हैं, जिसमें उन्होंने अब तक 8 मैचों में 42.88 के औसत से 343 रन बनाए हैं। इस दौरान शॉ का स्ट्राइक रेट 117.87 का रहा है, जिसमें उनके बल्ले से तीन शानदार अर्धशतकीय पारियां भी देखने को मिली है। शॉ के इस फॉर्म से अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह टीम इंडिया में अपनी वापसी को लेकर लगातार काफी कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

# नीरज चोपड़ा जल्द फिर दिखेंगे एक्शन में

**» लुसाने डायमंड लीग में लिया हिस्सा लेने का फैसला**




**नई दिल्ली, 17 अगस्त 2024।** भारत के स्टार जैवलिन थ्रो एथलीट नीरज चोपड़ा जिन्होंने पेरिस ओलंपिक में 89.45 मीटर का थ्रो फेंकने के साथ सिल्वर मेडल अपने नाम किया था वह जल्द फिर से एक्शन में दिखाई देंगे। नीरज जिन्होंने पेरिस ओलंपिक में सिल्वर मेडल जीतने के बाद बयान दिया था कि वह इंजरी की वजह से अपने पूरे फॉर्म में नहीं थे वह अब 22 अगस्त को होने वाली लुसाने डायमंड लीग में हिस्सा लेंगे।

### नीरज ने पहले ही साफ कर दिया था कि वह डायमंड लीग फाइनल खेलना चाहते

नीरज चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक के दौरान अपने दिए बयान में ये कहा था कि वह बेल्जियम के ब्रुसेल्स में होने वाले डायमंड लीग के फाइनल में खेलना चाहते हैं। वहीं नीरज जो इस समय स्विट्जरलैंड में मौजूद हैं वहां से उन्होंने एएनआई को दिए अपने बयान में कगा कि वह लुसाने में होने वाली 22 अगस्त को डायमंड लीग के फाइनल में हिस्सा लेंगे। नीरज को फाइनल मुकाबला खेलने के लिए लुसाने या फिर उसके बाद ज्यूरिख में 5 सितंबर को होने वाले डायमंड लीग के लेग में हिस्सा लेना जरूरी है। ऐसे में अब नीरज ने लुसाने में हिस्सा लेने का फैसला किया है।

### पेरिस के बाद मेरी इंजरी पहले से बेहतर

पेरिस ओलंपिक में अपनी इंजरी को लेकर नीरज चोपड़ा ने बयान दिया था। वहीं उन्होंने अब बताया कि पेरिस के बाद अच्छी बात ये रही कि मेरी इंजरी अधिक गंभीर नहीं हुई। मेरे फीजियो ने पेरिस ओलंपिक के दौरान इस इंजरी को लेकर ट्रीटमेंट किया था जिससे पहले से अब स्थिति बेहतर है। पहले मैने सोचा था कि ज्यूरिख डायमंड लीग में हिस्सा लूंगा कि लेकिन अब इंजरी बेहतर तो मैंने लुसाने में हिस्सा लेने का फैसला लिया है। नीरज चोपड़ा ने साल 2022 में डायमंड लीग के फाइनल में जीत हासिल की थी। वहीं इस बार ये फाइनल 13 और 14 सितंबर को होगा।

# शाहीन अफरीदी के पास बड़ा कारनामा करने का मौका

**» 9 विकेट लेते ही बनेंगे ऐसा करने वाले पहले पाकिस्तानी गेंदबाज**

**करांची, 17 अगस्त 2024।** पाकिस्तान की टीम घर पर 21 अगस्त से बांग्लादेश के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने मैदान पर उतरेगी जिसका पहला मुकाबला रावलपिंडी के स्टेडियम में खेला जाएगा। इस टेस्ट सीरीज में सभी की नजरें पाकिस्तानी टीम के 2 स्टार खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर टिकी रहने वाली हैं जिसमें एक नाम बाबर आजम का है तो दूसरा तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी का। इन दोनों ही खिलाड़ियों को पिछले कुछ समय में कोई प्रदर्शन देखने को नहीं मिला है ऐसे में बाबर और अफरीदी अपने प्रदर्शन के जरिए आलोचकों को जवाब देना चाहेंगे।




### शाहीन बस 9 विकेट दूर इस बड़े कारनामे से

शाहीन अफरीदी का अब तक वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में गेंद से शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है, जिसमें वह पाकिस्तान की तरफ से सबसे ज्यादा विकेट हासिल करने वाले गेंदबाज भी हैं। शाहीन ने अब तक 24 मैचों में 27.23 के औसत से कुल 91 विकेट हासिल किए हैं। ऐसे में वह बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में यदि 2 विकेट और हासिल कर लेते हैं तो पाकिस्तान के लिए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में 100 विकेट लेने वाले गेंदबाज बन जाएंगे। वहीं वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में ऐसा कारनामा करने वाले 12वें गेंदबाज भी होंगे। शाहीन का बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट फॉर्मेट में गेंद से रिकॉर्ड भी काफी शानदार देखने को मिला है जिसमें उन्होंने 3 मुकाबलों में 15.20 के औसत से 15 विकेट हासिल किए हैं।

### नाथन लियोन के नाम अब तक सबसे ज्यादा विकेट

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट हासिल करने के मामले में ऑस्ट्रेलियाई टीम के स्पिन गेंदबाज नाथन लियोन पहले नंबर पर हैं जिन्होंने 43 मैचों में खेलते हुए कुल 187 विकेट हासिल किए हैं। वहीं दूसरे नंबर पर 175 विकेट के साथ पैट कमिंस जबकि तीसरे नंबर पर भारतीय टीम के स्पिन गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन 174 विकेट के साथ काबिज हैं।



# फाइनल मैच से पहले टीम को लगा बड़ा झटका

**» बोर्ड का ये फैसला बना बड़ी वजह**

**बर्मिंघम, 17 अगस्त 2024।** इंग्लैंड में अभी फ्रेंचाइजी आधारित द हंड्रेड टूर्नामेंट खेला जा रहा है जिसका फाइनल मुकाबला 18 अगस्त को खेला जाएगा। मेंस द हंड्रेड के फाइनल में ओवल इनविंसिबल्स की टीम ने पहले ही अपनी जगह को पक्का कर लिया है। फाइनल मैच से ठीक पहले ओवल इनविंसिबल्स की टीम को बड़ा झटका इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के फैसले से लगा है जिन्होंने तेज गेंदबाज गस एटिंकसन को खेलने से रोक दिया है।

### श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज को ध्यान में रखते हुए ईसीबी ने लिया फैसला

गस एटिंकसन जो मेंस द हंड्रेड में ओवल इनविंसिबल्स टीम का हिस्सा हैं उन्हें इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने श्रीलंका के खिलाफ आगामी 3 मैचों की टेस्ट सीरीज को ध्यान में रखते हुए इस फाइनल मुकाबले में खेलने से रोक दिया है। गस ने जुलाई महीने में हुई वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में कुल 22 विकेट हासिल किए थे। गस ने द हंड्रेड के इस सीजन में अब तक सिर्फ एक ही मुकाबला खेला था जिसमें उन्होंने 10 गेंदों 28 रन दिए थे और कोई भी विकेट हासिल नहीं कर पाए थे। द हंड्रेड का फाइनल मुकाबला ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा। ईसीबी के इस फैसले के पीछे सबसे बड़ी वजह उनके टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स का चोटिल हो जाना माना जा रहा है जो श्रीलंका के खिलाफ पूरी टेस्ट सीरीज से बाहर हो चुके हैं। वहीं गस से पहले ईसीबी ने क्रिस वोक्स को लेकर भी ऐसा ही फैसला लिया था।

### इंग्लैंड को डब्ल्यूटीसी के फाइनल की रेस में बने रहने के लिए जीतने होंगे सभी मुकाबले

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 की प्वाइंट्स टेबल में इंग्लैंड टीम की स्थिति अभी बेहतर नहीं है और वह छठे नंबर पर 36.54 अंक प्रतिशत के साथ है। वहीं उन्हें फाइनल में पहुंचने की रेस में बने रहने के लिए इस सीरीज के तीनों ही मुकाबलों को अपने नाम करने की कोशिश करने होगी। दोनों टीमों के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मैच 21 अगस्त से मैनचेस्टर के मैदान पर खेला जाएगा।

# डेविस कप टीम में सुमित नागल की वापसी

**» 11 साल बाद टीम को मिला नया कोच**

**नई दिल्ली, 17 अगस्त 2024।** भारत के टॉप सिंगल्स खिलाड़ी सुमित नागल ने स्वीडन के खिलाफ वर्ल्ड ग्रुप एक मुकाबले के लिए डेविस कप टीम में वापसी की है। यह मुकाबला 14-15 सितंबर को स्टॉकहोम में होने वाला है। हालांकि, युकी भांबरी ने इस महत्वपूर्ण मुकाबले से बाहर रहने का फैसला किया है, जिससे टीम में कुछ बदलाव देखने को मिलेंगे। सुमित नागल, जो हाल ही में फॉर्म में चल रहे हैं, टीम की अगुआई करेंगे। इससे पहले, नागल पाकिस्तान के खिलाफ हुए ऐतिहासिक मुकाबले में नहीं खेल पाए थे। वहीं, इस्लामाबाद में हुए उस मुकाबले में शशिकुमार मुकुंद भी शामिल नहीं हो पाए थे, और इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से इनकार करने के कारण उन्हें दो मुकाबलों के लिए निलंबित किया गया था। इस कारण मुकुंद को इस बार भी टीम में जगह नहीं मिली। डेविस कप टीम में सुमित नागल के अलावा रामकुमार रामनाथन, एन श्रीराम बालाजी, निकी पूनाचा और पूर्व नेशनल चैंपियन सिद्धार्थ विश्वकर्मा भी शामिल हैं। आर्यन शाह को रिजर्व खिलाड़ी के रूप में चुना गया है। युकी भांबरी, जो रोहन बोपन्ना के संन्यास के बाद भारत के नंबर एक डबल्स खिलाड़ी हैं, उन्होंने इस मुकाबले से बाहर रहने का निर्णय लिया है। चयन समिति के अध्यक्ष नंदन बाल ने बताया कि युकी ने अपनी अनुपलब्धता का कोई कारण नहीं बताया है। हालांकि, एआईटीए (ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन) के सूत्रों के अनुसार, युकी इस बात से खुश नहीं थे कि उन्हें पेरिस ओलंपिक के लिए नहीं चुना गया। यह भी बताया गया कि रोहन बोपन्ना ने बालाजी के साथ खेलने का फैसला किया था, और यह निर्णय पूरी तरह से उनका था।



# श्रीलंकाई खिलाड़ी ने तोड़ा स्मृति मंधाना का रिकॉर्ड

**» इस मामले में बनी दूसरी एशियाई युवा प्लेयर**

**कोलंबो, 17 अगस्त 2024।** आईसीसी वुमेंस चैंपियनशिप के मुकाबले खेलने के लिए श्रीलंका की महिला टीम अभी आयरलैंड के दौरे पर 3 मैचों की वनडे सीरीज खेलने पहुंची हुई है। इस सीरीज का पहला मुकाबला बेलफास्ट के मैदान पर 16 अगस्त को खेला गया जिसमें श्रीलंका महिला टीम की युवा ओपनिंग बल्लेबाज विश्मी गुणरत्ने के बल्ले से मैच में शानदार शतकीय पारी देखने को मिली। हालांकि उनका ये शतक टीम को जीत दिलाने के लिए नाकाफी साबित हुआ। इसके बावजूद विश्मी ने अपना नाम एक खास लिस्ट में जरूर शामिल करवा लिया। विश्मी अब एशिया की दूसरी सबसे कम उम्र की महिला खिलाड़ी बन गई हैं जिनके नाम वनडे में शतक लगाने का रिकॉर्ड दर्ज है।

### विश्मी ने स्मृति मंधाना के रिकॉर्ड को तोड़ा

महिला वनडे क्रिकेट में सबसे कम उम्र में एशियाई खिलाड़ी के तौर पर शतक लगाने का रिकॉर्ड मिताली राज के नाम पर है जिन्होंने साल 1999 में आयरलैंड महिला टीम के खिलाफ सिर्फ 16 साल 205 दिन की उम्र में शतकीय पारी खेली थी। वहीं अब इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर विश्मी का नाम शामिल हो गया है जिन्होंने 18 साल 360 दिन की उम्र में वनडे में शतक लगाने का कारनामा किया है। विश्मी ने आयरलैंड के खिलाफ सीरीज के पहले वनडे मैच में 98 गेंदों का सामना करते हुए कुल 101 रनों की पारी खेली जिसमें कुल 9 चौकों के साथ तीन छक्के भी शामिल थे।



### महिला वनडे में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाली खिलाड़ी

मिताली राज - 16 साल 205 दिन उम्र (बनाम आयरलैंड महिला टीम, साल 1999)
विश्मी राज - 18 साल 360 दिन उम्र (बनाम आयरलैंड महिला टीम, साल 2024)
स्मृति मंधाना - 19 साल 202 दिन उम्र (बनाम ऑस्ट्रेलिया महिला टीम, साल 2016)
दीप्ति शर्मा - 19 साल 264 दिन उम्र (बनाम आयरलैंड महिला टीम, साल 2017)

### विश्मी की पारी पर भारी पड़ी ओर्ला प्रेंडरगैस्ट का शतक

विश्मी गुणरत्ने की शतकीय पारी के दम पर श्रीलंकाई महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर्स में 8 विकेट के नुकसान पर 260 रनों का स्कोर बनाया था। इसके बाद टारगेट का पीछा करने उतरी आयरलैंड महिला टीम ने एक समय 138 के स्कोर तक अपने 4 विकेट गंवा दिए थे। यहां से ओर्ला प्रेंडरगैस्ट ने एक छोर से पारी को संभालते हुए टीम को जीत दिलाने की जिम्मेदारी को उठाया और 107 गेंदों में 122 रनों की नाबाद मैच विनिंग पारी खेली। आयरलैंड महिला टीम ने 261 रनों के टारगेट को 4 गेंद शेष रहते हुए हासिल करने के साथ इस सीरीज में 1-0 की बढ़त भी बना ली है। ये आयरलैंड महिला टीम की 50 ओवर्स फॉर्मेट में श्रीलंका के खिलाफ पहली जीत भी है।

# अजय देवगन की सन ऑफ सरदार 2 से मेकर्स ने विजय राज को निकाला बाहर



अजय देवगन की फिल्म सन ऑफ सरदार 2 का हिस्सा रहे एक्टर विजय राज को कथित तौर पर फिल्म से बाहर कर दिया गया है। शूटिंग फिलहाल यूनाइटेड किंगडम में चल रही है। कथित तौर पर, विजय राज ने फिल्म के सेट पर दुर्व्यवहार किया। दूसरी ओर, एक्टर ने उन दावों का खंडन किया है, जिनमें कहा गया है कि फिल्म के सेट पर अजय का अभिवादन नहीं करने के बाद उन्हें फिल्म से हटाया गया। खबर है कि अब एक्टर संजय मिश्रा को फिल्म में साइन किया गया है।

अजय देवगन ने हाल ही घोषणा की थी कि उन्होंने सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग शुरू कर दी है। इसी बीच एक रिपोर्ट में बताया गया है कि फिल्म से विजय राज को हटा दिया गया है। वह सन ऑफ सरदार 2 में अहम रोल में थे। फिल्म के को-प्रोड्यूसर कुमार मंगत पाठक ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बातचीत में इस बारे में कहा, हां, यह सच है कि हमने विजय राज को सेट पर उनके व्यवहार के कारण फिल्म से हटा दिया है। उन्होंने बड़े कमरे, वैनिटी वैन और भी मांग की थी। बल्कि, उनके स्पॉट बॉय को 20,000 रुपये हर रात के हिसाब से दिए जा रहे थे, जो किसी बड़े एक्टर को किए जाने वाले भुगतान से ज्यादा हैं। यूके एक महंगी जगह है, और शूटिंग के दौरान सभी को बढ़िया कमरे मिले, पर विजय राज ने प्रीमियम सुइट्स की मांग की।

कुमार मंगत ने बताया कि जब उन्होंने कमरों के महंगे किराए को लेकर विजय राज ये बात करनी चाही, तो एक्टर ने कुछ समझना नहीं चाहा और खराब लहजे में बात की। विजय राज ने उनसे कहा कि आप लोगों ने मुझे अप्रोच किया, मैं कौन सा सामने से आया काम मांगने। कुमार मंगत पाठक ने कहा, जबकि हमने उनकी सभी मांगों को पूरा करने की कोशिश की, लेकिन उनका व्यवहार खराब होता गया, क्योंकि उनकी मांगें कभी खत्म नहीं हुईं। उन्होंने 3 स्टाफ के 3 लोगों के सफर के लिए भी 2 कारों की मांग करना शुरू कर दिया। हम ऐसा कैसे कर सकते है? जब ईपी (एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर) ने मना किया, तो उन्होंने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। तमाम चर्चाओं के बाद हमने उन्हें फिल्म से हटाने का फैसला किया।

हालांकि, विजय राज का कुछ और ही कहना है। उन्होंने पिंकविला को बताया, मैं ट्रायल के लिए समय से पहले लोकेशन पर पहुंच गया। मैं वैन तक पहुंचा, और रवि किशन मुझसे मिलने आए। ईपी, आशीष और निर्माता कुमार मंगत मुझसे मिलने आए, उसके बाद निर्देशक विजय अरोड़ा आए। मैं वैन से बाहर निकला, और लगभग 25 मीटर की दूरी पर अजय देवगन को खड़ा देखा। मैं बिजी होने के कारण उनका स्वागत करने नहीं गया और मैंने आसपास के अपने दोस्तों से बात करना जारी रखा। 25 मिनट बाद श्री कुमार मंगत मेरे पास आए और कहा कि आप फिल्म से निकल जाएं, हम आपको निकाल रहे हैं।

विजय राज ने आगे बताया, मेरी ओर से एकमात्र गलत चीज यही हुई कि मैंने श्री अजय देवगन का अभिवादन नहीं किया। मैं क्रू से भी नहीं मिला। और इन्हीं लोगों के साथ मेरी बातचीत थी। सेट पर पहुंचने के 30 मिनट बाद ही मुझे फिल्म से हटा दिया गया, क्योंकि मैंने अजय देवगन का अभिवादन नहीं किया, और दुर्व्यवहार की तो बात ही नहीं उठती। विजय राज ने बड़े कमरे की डिमांड पर कहा, मुझे एक छोटे से कमरे में रहने के लिए कहा गया, जिसमें घूमने-फिरने की कोई जगह नहीं थी। मैं एक ऐसा व्यक्ति हूं जो सुबह योग करता हूं और मुझे कमरे में कुछ जगह की जरूरत थी। इंडस्ट्री में 26 साल हो गए, क्या मैं यह मांग नहीं कर सकता?

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्रं0 /अ-6/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण मंजीत सिंह आ0 स्व0सरदार अमरीक सिंह,नि0 केदारपुर अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) वगै0 ने इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदकगण की पैतृक भूमि मोहल्ला-केदारपुर अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 1114/1, 1116/1 रकबा क्रमशः 1367, 871 वर्गफीट भूमि भूधारक सरदार दर्शन सिंह के नाम पर वर्तमान संधारण खसरा में दर्ज है। उक्त वाद भूमि के संबंध में भूधारक सरदार दर्शन सिंह के द्वारा वसीयतनामा दिनांक 04.03.1998 का निष्पादन आवेदकगण के पिता स्व0 सरदार अमरीक सिंह (फौत) के पक्ष में किया गया था। वसीयतकर्ता सरदार दर्शन सिंह की मृत्यु हो चुकी है। अतः वसीयतनामा दिनांक 04.03.1998 के आधार पर पर उक्त वादभूमि के अभिलेख से सरदार दर्शन सिंह का नाम विलोपित कर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदकगण द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 109,110 छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 30/08/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/08/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील
**नजूल अधिकारी**
अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्रं0 /अ-6/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण मंजीत सिंह आ0 स्व0 सरदार अमरीक सिंह,नि0 केदारपुर अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) वगै0 ने इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि मोहल्ला-केदारपुर अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 1114/2, 1116/2 रकबा क्रमशः 871, 436 वर्गफीट भूमि आवेदकगण के स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि है। उक्त वादभूमि को आवेदकगण के पितामह स्व0 सरदार दर्शन सिंह ने अपने जीवनकाल में ही आवेदकगण के पिता स्व0 अमरीक सिंह के पक्ष में पंजीबद्ध वसीयतनामा के माध्यम से वसीयत कर दिया गया था, किन्तु त्रुटिवश वादभूमि पर अनावेदक का नाम दर्ज हो गया है। अतः उक्त वादभूमि के अभिलेख से अनावेदक का नाम विलोपित कर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदकगण द्वारा आवेदन पत्र,अंतर्गत धारा 114 छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 30/08/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/08/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील
**नजूल अधिकारी**
अम्बिकापुर

C M Y K

## खुला पत्र

# तुगलकी फरमान के विरूद्ध कलमबंद अभियान

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के विभाग जनसंपर्क के द्वारा स्वास्थ्य मंत्री श्री श्यामबिहारी जायसवाल के विभाग के संबंधित समाचारों के प्रकाशन पर जनसंपर्क संचनालय के आयुक्त सह संचालक आईपीएस श्री मयंक श्रीवास्तव के मौखिक आदेश पर घटती-घटना के शासकीय विज्ञापन पर रोक लगाकर दबाव बनाने से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के मूलभूत हक पर कुठाराघात के विरूद्ध कलमबंद अभियान...के पन्द्रहवें दिन भी केंद्र सरकार से अनुमोदित विज्ञापन नियमावली के आदेश को ठेंगा दिखाने वाले जनसंपर्क विभाग के द्वारा कोई प्रतिक्रिया नहीं देने के पीछे किसका हाथ...

# क्या छापें स्वास्थ्य मंत्री जी ?

## क्या छापें आयुक्त सहसंचालक आईपीएस मयंक श्रीवास्तव जी ?




## छत्तीसगढ़ सरकार घर तोड़िए या कार्यालय तोड़िए...इंकलाब होता रहेगा इंसाफ तक...

## अब तो बताईए मुख्यमंत्री जी...क्या छापें ?

## क्यूं न लिखें सच ?

माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी 25 जून को संविधान हत्या दिवस छत्तीसगढ़ में नहीं मनाया जायेगा क्या?

इमरजेंसी पर बात...हर बात पर आरोप...तो छत्तीसगढ़ में एक आईपीएस के तुगलकी फरमान पर आदिवासी अंचल से विगत 20 वर्षों से प्रकाशित अखबार पर क्यों किया जा रहा है जुर्म...?

क्यों कलमबंद आंदोलन के लिए विवश होना पड़ा एक दैनिक अखबार को...?

**घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...**

संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)